**IMMEDIATE**

**Government of India**
**Ministry of Personnel Public Grievances and Pensions**
**Department of Personnel and Training**
**North Block, New Delhi**

....

No.12/1/2007-JCA Dated the 30th July, 2007

**Subject: Holidays to be observed in Government Offices during the year 2008.**

.....

It has been decided that the holidays as specified in the **Annexure –I** to this O.M. will be observed in all the Administrative Offices of the Central Government at Delhi / New Delhi during 2008. In addition, each employee will also be allowed to avail himself of any two holidays to be chosen by him out of the list of Restricted Holidays in **Annexure – II**.

2. Central Government Administrative Offices located outside Delhi / New Delhi shall observe the following holidays compulsorily in addition to three holidays as per para 3.1 below:

1. REPUBLIC DAY
2. INDEPENDENCE DAY
3. MAHATMA GANDHI'S BIRTHDAY
4. BUDHA PURNIMA
5. CHRISTMAS
6. DUSSEHRA
7. DIWALI
8. GOOD FRIDAY
9. GURU NANAK'S BIRTHDAY
10. IDU'L FITR
11. IDU'L ZUHA
12. MAHAVIR JAYANTHI
13. MUHARRAM
14. PROPHET MOHAMMAD'S BIRTHDAY (ID-E-MILAD)

3.1. In addition to the above 14 Compulsory holidays mentioned in para 2, three holidays shall be decided from the list indicated below by the Central Government Employees Welfare Coordination Committee in the State Capitals, if necessary, in consultation with Coordination Committees at other places in the State. The final list applicable uniformly to all Central Government offices within the concerned State shall be notified after seeking prior approval of this Ministry and no change can be carried out thereafter. It is also clarified that no change is permissible in regard to festivals as indicated and the dates notified by the Ministry of Personnel.

1. An Additional Day for Dussehra
2. HOLI
3. JANAMSHTAMI
4. RAM NAVAMI
5. MAHA SHIVRATRI
6. GANESH CHATURTHI / VINAYAK CHATURTHI

7. MAKARASANKARANTI
8. RATH YATRA
9. ONAM
10. PONGAL
11. SRI PANCHAMI / BASANTA PACHAMI
12. VISHU/ VAISAKHI / VAISAKHADI / BHAG BIHU / MASHADI UGADI / CHAITRA SAKLADI / CHETI CHAND / GUDI PADA 1ST NAVRATRA / NAURAJ

3.2 No substitute holiday should be allowed if any of the festival holidays initially notified subsequently happens to fall on a weekly off or any other non-working day or in the event of more than one festival falling on the same day.

4. The list of Restricted Holidays appended to this O.M. is meant for Central Government Offices located in Delhi / New Delhi. The Coordination Committees at the State Capitals may draw up separate list of Restricted Holidays keeping in view the occasions of local importance but the 9 occasions left over, after choosing the 3 variable holidays in para 3.1 above, are to be included in the list of restricted holidays.

5.1 For offices in Delhi / New Delhi, any change in the date of holidays in respect of Idu'l Fitr, Idu'l Zuha, Muhurram and Id-e-Milad, if necessary, depending upon sighting of the Moon, would be notified by the Ministry of Personnel, P.G. & Pensions after ascertaining the position from the Govt. of NCT of Delhi.

5.2 For offices outside Delhi / New Delhi, the Central Government Employees Welfare Coordination Committees at the State Capitals are authorised to change the date of holiday, if necessary, based on the decision of the concerned State governments / Union Territories, in respect of Idu'l Fitr, Idu'l Zuha, Muhurram and Id-e-Milad.

5.3 It may happen that the change of date of the above occasions has to be notified at a very short notice. In such a situation, announcement could be made through T.V. / A.I.R. / Newspaper and the Heads of Department / Offices of the Central Government may take action according to such an announcement without waiting for a formal order, about the change of date.

6. During 2008, Diwali (Deepavali) falls on Tuesday, October 28, 2008 (Kartika 6) In certain States the practice is to celebrate the occasion a day in advance, i.e., on "Narakachaturdasi Day". In view of this there is no objection if holiday on account of Deepavali is observed on "Narakachaturdasi Day (in place of Deepavali Day) for the Central Government Offices in a State if in that State that day alone is declared as a compulsory holiday for Diwali for the offices of the State Government.

7. Central Government Organisations which include industrial, commercial and trading establishments would observe upto 16 holidays in a year including three national holidays viz. Republic Day, Independence Day and Mahatma Gandhi Birthday, as compulsory holidays. The remaining holidays / occasions may be determined by such establishments / organisations themselves for the year 2008, subject to para 3.2 above.

8. Union Territory Administrations shall decide the list of holidays in terms of Ministry of Home Affairs letter No.14046/27/83- GPI dated 15.2.1984 by which they would observe a total of 16 holidays including the three National Holidays, (viz) Republic Day, Independence Day & Mahatma Gandhi's Birthday.

9. In respect of Indian Missions abroad, the number of holidays may be notified in accordance with the instructions contained in this Department's O.M.No.12/5/2002-JCA dated 17th December, 2002. In other words, they will have the option to select holidays of their own only after including in the list, three National holidays and Mahavir Jayanthi, Milad-un-Nabi, Id-ul-fitr, Dussehra and Guru Nanak Deb's Birthday, included in the list of compulsory holidays and falling on days of weekly off.

10. In respect of Banks, the holidays are restricted to 15 days in a year in terms of the instructions issued by the Department of Economic Affairs (Banking Division)

11. The Hindi version will follow.

Encl. Lists of holidays

(Mahendra Kumar)
**DIRECTOR (JCA)**

To

1. All Ministries/ Departments of Government of India.
2. UPSC/CVC/C&AG/ PMO / Lok Sabha Secretariat/ Rajya Sabha Secretariat/ President's Secretariat/Vice-President's Secretariat/ Supreme Court/ High Court/ Central Administrative Tribunal/ Election Commission of India / Minorities Commission/ National Human Rights Commission.
3. All attached and subordinate offices of Ministry of Personnel, P.G. &Pensions/M.H.A.
4. Secretary, Staff Side, National Council (JCM), 13-C, Ferozeshah Road, New Delhi.
5. All Staff Side Members of the National Council (JCM).
6. All Staff Side Members of the Departmental Council (JCM), Ministry of Personnel, P.G. and Pensions.
7. Chairman / Secretaries, Central Government Employees Welfare Coordination Committees (As per updated list from Welfare Section).
8. Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes.
9. PS to Cabinet Secretary.
10. Deputy Secretary (Coordination), Delhi Govt. Secretariat, I.G. Stadium, I.T.O., New Delhi.
11. The Manager (Store), Government of India, Forms Store, 166, Lenin Sarai, Calcutta (with 10 spare copies)
12. Chief Secretaries to all the State Governments / Union Territoreis.
13. Directorate of Advertising and Visual Publicity, PTI Building, New Delhi (with 5 spare copies)
14. Deputy Director (Bills), Dte. Of Printing, B-Wing, Nirman Bhavan, New Delhi (with 5 spare copies)
15. Positional Astronomy Centre, New Alipore, Calcutta-53 (2 spare copies)
16. Facilitation Center, DOP&T (20 copies)
17. NIC (DOPT) with the request to place this O.M. on the Website of the Department (***www.persmin.nic.in***)
18. 100 Spare Copies

## LIST OF GOVERNMENT OF INDIA HOLIDAYS DURING THE YEAR 2008 FOR DELHI / NEW DELHI OFFICES

| | Gazetted Holiday | Date | 1929 SAKA ERA | Day of week |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Muharram | January 19 | Pausa 29 | Saturday |
| 2. | Republic Day | January 26 | Magha 06 | Saturday |
| 3. | Maha Shivaratri | March 06 | Phalguna 16 | Thursday |
| | | | **1930 SAKA ERA** | |
| 4. | Milad-Un-Nabi or Id-E-Milad (Birthday of Prophet Md.) | March 21 | Chaitra 01 | Friday |
| 5. | Good Friday | March 21 | Chaitra 01 | Friday |
| 6. | Holi | March 22 | Chaitra 02 | Saturday |
| 7. | Ram Navami (Vaisnava) | April 14 | Chaitra 25 | Monday |
| 8. | Mahavir Jayanti | April 18 | Chaitra 29 | Friday |
| 9. | Buddha Purnima | May 20 | Vaisakha 30 | Tuesday |
| 10 | Independence Day | August 15 | Sravana 24 | Friday |
| 11. | Mahatma Gandhi's Birthday | October 02 | Asvina 10 | Thursday |
| 12. | Idu'l Fitr | October 02 | Asvina 10 | Thursday |
| 13. | Dussehra (Vijaya Dashami) | October 09 | Asvina 17 | Thursday |
| 14. | Diwali (Deepavali) | October 28 | Kartika 06 | Tuesday |
| 15. | Guru Nanak's Birthday | November 13 | Kartika 22 | Thursday |
| 16. | Idu'l Zuha (Bakrid) | December 09 | Agrahayana 18 | Tuesday |
| 17. | Christmas Day | December 25 | Pausa 04 | Thursday |

**ANNEXURE-II**

## LIST OF RESTRICTED HOLIDAYS FOR 2008

## (FOR DELHI / NEW DELHI OFFICES )

| S.No (1) | Holiday (2) | Date (3) | SAKA ERA 1929 | Day (5) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | New Year Day | January 01 | Pausa 11 | Tuesday |
| 2. | Guru Govind Singh's Birthday | January 05 | Pausa 15 | Saturday |
| 3. | Makara Samkranti (N. India) | January 14 | Pausa 24 | Monday |
| 4. | Makara Samkranti ( Bengal) | January 15 | Pausa 25 | Tuesday |
| 5. | Pongal | January 15 | Pausa 25 | Tuesday |
| 6. | Basanta Panchami /Shree Panchami | February 11 | Magha 22 | Monday |
| 7. | Sivaji Jayanti | February 19 | Magha 30 | Tuesday |
| 8. | Guru Ravidas' Birthday | February 21 | Phalguna 02 | Thursday |
| 9. | Swami Dayanand Saraswati Jayanti | March 02 | Phalguna 12 | Sunday |
| | | | 1930 SAKA ERA | |
| 10. | Holika Dahana (Dol yatra) | March 21 | Chaitra 01 | Friday |
| 11. | Easter (Sunday) | March 23 | Chaitra 03 | Sunday |
| 12. | Chaitra Sukhladi / Gudi Padava / Ugadi / Cheti Chand | April 07 | Chaitra 18 | Monday |
| 13 | Vaisakhi | April 13 | Chaitra 24 | Sunday |
| 14 | Vishu | April 13 | Chaitra 24 | Sunday |
| 15. | Mesadi | April 14 | Chaitra 25 | Monday |
| 16 | Vaisakhadi(Bengal)/ Bahag Bihu (Assam) | April 14 | Chaitra 25 | Monday |
| 17. | Birthday of Rabindranath | May 08 | Vaisakha 18 | Thursday |
| 18. | Rath Yatra | July 04 | Asadha 13 | Friday |
| 19. | Hazarat Ali's Birthday | July 17 | Asadha 26 | Thursday |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 20 | Raksha Bandhan | August 16 | Sravana 25 | Saturday |
| 21. | Parsi New Year | August 19 | Sravana 28 | Tuesday |
| 22. | Janmashtami (Smarta& Vaishnava) | August24 | Bhadra 02 | Sunday |
| 23. | Ganesh Chaturthi /VinayakaChaturthi | September 03 | Bhadra 12 | Wednesday |
| 24 | Onam | September 12 | Bhadra 21 | Friday |
| 25 | Jamat-Ul-Vida | September 26 | Asvina 04 | Friday |
| 26 | Dussehra(Maha Saptami) (additional) | October 06 | Asvina 14 | Monday |
| 27 | Dussehra (Maha Ashtami) (Additional) | October 07 | Asvina 15 | Tuesday |
| 28. | Dussehra (Maha Navmi) | October 08 | Asvina 16 | Wednesday |
| 29. | Maharishi Valmiki's Birthday | October 14 | Asvina 22 | Tuesday |
| 30. | Deepavali (South India) | October 27 | Kartika 05 | Monday |
| 31. | Naraka Chaturdasi | October 27 | Kartika 05 | Monday |
| 32. | Govardhan Puja | October 29 | Kartika 07 | Wednesday |
| 33. | Bhai Duj | October 30 | Kartika 08 | Thursday |
| 34. | Guru Teg Bahadur's Martyrdrom Day | November 24 | Agrahayana 03 | Monday |
| 35. | Christmas Eve | December 24 | Pausa 03 | Wednesday |

तत्काल

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग

नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली

-----

संख्या-12/1/2007-जे.सी.ए. दिनांक 31 जुलाई, 2007

विषय: वर्ष 2008 के दौरान भारत सरकार के कार्यालयों में रखी जाने वाली छुट्टियाँ।

यह निर्णय लिया गया है कि दिल्ली/नई दिल्ली में स्थित भारत सरकार के सभी प्रशासनिक कार्यालयों में वर्ष, 2008 के दौरान इस कार्यालय ज्ञापन के अनुबंध-I में विनिर्दिष्ट छुट्टियाँ रहेंगी। उपर्युक्त छुट्टियों के अतिरिक्त, प्रत्येक कर्मचारी को अनुबंध-II में दर्शाई जा रही वैकल्पिक छुट्टियों की सूची में से अपनी इच्छानुसार कोई सी दो छुट्टियाँ भी लेने दी जाएंगी।

2. दिल्ली/नई दिल्ली से बाहर स्थित, केन्द्रीय सरकार के प्रशासनिक कार्यालयों में नीचे पैरा 3.1 में दर्शाई जा रही छुट्टियों में से तीन छुट्टियों के अतिरिक्त, निम्नलिखित छुट्टियाँ अनिवार्यतः रहेंगी :-

1. गणतंत्र-दिवस
2. स्वतंत्रता-दिवस
3. महात्मा गांधी जन्म दिवस
4. बुद्ध पुर्णिमा
5. क्रिसमस
6. दशहरा
7. दीपावली
8. गुड फ्राइडे
9. गुरु नानक जन्म दिवस
10. ईद उल फितर
11. ईद उल जुहा
12. महावीर जयंती
13. मुहर्रम
14. पैगम्बर मोहम्मद का जन्म दिवस (ईद-ए-मिलाद)

3.1 पैरा 2 में उल्लिखित उपर्युक्त 14 अनिवार्य छुट्टियों के अतिरिक्त, राज्य की राजधानियों में स्थित कर्मचारी समन्वय समितियों द्वारा, यदि आवश्यक हो तो राज्य के अन्य स्थानों की समन्वय समितियों के परामर्श से, नीचे दी जा रही सूची में से, तीन छुट्टियाँ तय की जाए। संबंधित राज्य में स्थित, केन्द्र सरकार के सभी कार्यालयों के लिए एक समान रूप से लागू होने वाली छुट्टियों की अंतिम सूची, इस मंत्रालय का पूर्वानुमोदन लेने के बाद अधिसूचित की जाए और उसके पश्चात् उसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जाए। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि कार्मिक मंत्रालय द्वारा यथा अधिसूचित अनिवार्य छुट्टियों की सूची में किन्हीं त्योहारों अथवा तारीखों के बारे में कोई भी परिवर्तन नहीं किया जाए।

1. दशहरा के अवसर पर एक अतिरिक्त दिवस
2. होली

3. जन्माष्टमी
4. रामनवमी
5. महाशिवरात्रि
6. गणेश चतुर्थी/विनायक चतुर्थी
7. मकर संक्रांति
8. रथ यात्रा
9. ओणम
10. पोंगल
11. श्री पंचमी/बसंत पंचमी
12. विशु/वैशाखी/वैशाखड़ी/बिहाग बिहु/मशाड़ी उगाड़ी/चैत्र शुक्लादि/चेती चांद/गुड़ी पड़वा प्रथम नवरात्र/नौरोज।

3.2 यदि पहले ही अधिसूचित की जा चुकी किसी त्योहार से संबंधित छुट्टी, बाद में, सप्ताहांत अवकाश अथवा कार्यदिवस से भिन्न किसी और दिन पड़े अथवा एक ही दिन एक से अधिक त्योहार पड़े तो उसके स्थान पर कोई और छुट्टी नहीं की जाए।

4. इस कार्यालय-ज्ञापन के साथ लगी वैकल्पिक छुट्टियों की सूची दिल्ली/नई दिल्ली में स्थित केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों के लिए हैं। राज्यों की राजधानियों की समन्वय समितियाँ, स्थानीय अवसरों के महत्व को ध्यान में रखते हुए, अपनी वैकल्पिक छुट्टियों की अलग सूची तैयार कर सकती है, किन्तु इस सूची में, ऊपर पैरा 3.1 में से 3 परिवर्तनीय छुट्टियाँ चुनने के बाद शेष रहे, 9 अवसर शामिल किए जाने अपेक्षित हैं।

5.1 दिल्ली/नई दिल्ली में स्थित कार्यालयों के संबंध में चाँद दिखाई देने पर निर्भर करने वाली ईद-उल-फितर, ईद-उल-जुहा, मुहर्रम और ईद-ए-मिलाद की छुट्टियों की तारीख के बारे में कोई परिवर्तन, यदि आवश्यक हुआ तो, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार से स्थिति पता करने के पश्चात्, कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय द्वारा अधिसूचित कर दिया जाएगा।

5.2 दिल्ली/नई दिल्ली से बाहर स्थित कार्यालयों के संबंध में राज्यों की राजधानियों की केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी कल्याण समन्वय समितियों को संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के निर्णय के आधार पर, ईद-उल-फितर, ईद-उल-जुहा, मुहर्रम तथा ईद-ए-मिलाद की छुट्टियों की तारीख में, यदि आवश्यक हो तो, परिवर्तन करने का अधिकार है।

5.3 ऐसा हो सकता है कि उपर्युक्त अवसरों की तारीख में परिवर्तन, थोड़े समय पहले ही अधिसूचित करना पड़े। ऐसी स्थिति में छुट्टी की घोषणा, दूरदर्शन/रेडियो/समाचार पत्र इत्यादि के माध्यम से की जाए तथा विभागाध्यक्ष/केन्द्रीय सरकार के कार्यालय परिवर्तन की तारीख के बारे में किसी औपचारिक आदेश की प्रतीक्षा किए बिना ही ऐसी घोषणा के अनुसार कार्रवाई करें।

6. वर्ष, 2008 के दौरान दीवाली (दीपावली), 28 अक्तूबर, 2008, मंगलवार (कार्तिक 6) को पड़ रही है। कुछ राज्यों में यह अवसर (त्योहार) एक दिन पहले अर्थात् "नरक चतुर्दशी के दिन" मनाए जाने की प्रथा है। इसे ध्यान में रखते हुए, किसी राज्य में, केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों में दीपावली की छुट्टी, दीपावली के दिन के स्थान पर नरक चतुर्दशी के दिन रखे जाने के प्रति कोई कोई आपत्ति नहीं है, यदि उस राज्य में, राज्य सरकार के कार्यालयों में भी दीपावली की अनिवार्य छुट्टी के रूप में केवल उसी दिन की छुट्टी घोषित की गई हो।

7. औद्योगिक, वाणिज्यिक और व्यापारिक प्रतिष्ठानों सहित, केन्द्रीय सरकारी संगठनों में, वर्ष में 16 छुट्टियाँ होंगी जिनमें तीन राष्ट्रीय छुट्टियाँ अर्थात् गणतंत्र-दिवस, स्वतंत्रता-दिवस और महात्मा-गांधी-जन्म-दिवस की छुट्टियाँ अनिवार्य होंगी। वर्ष, 2008 की शेष छुट्टियों/अवसरों का निर्धारण, ऐसे प्रतिष्ठानों/संगठनों द्वारा ऊपर पैरा 3.2 के अधीन स्वयं ही किया जाए।

8. संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन छुट्टियों का निर्धारण, गृह मंत्रालय के दिनांक 15.02.1984 के पत्र संख्या-14046/27/83-जी.पी.आई. के अनुसार करें। उपर्युक्त पत्र के अनुसार वे तीन राष्ट्रीय छुट्टियों अर्थात् गणतंत्र-दिवस, स्वतंत्रता-दिवस तथा महात्मा गांधी-जन्म-दिवस सहित, 16 छुट्टियाँ रखें।

9. विदेश स्थित भारतीय दूतावासों में की जाने वाली छुट्टियों की संख्या, इस विभाग के दिनांक 17 दिसम्बर, 2002 के कार्यालय ज्ञापन संख्या-12/5/2002-जे.सी.ए. में विहित अनुदेशों के अनुसार अधिसूचित की जाए। अन्य शब्दों में, उन्हें तीन राष्ट्रीय छुट्टियों और अनिवार्य छुट्टियों की सूची में शामिल महावीर जयंती, मिलाद उन नबी, ईद उल फितर, दशहरा और गुरु नानक देव जन्म दिवस तथा साप्ताहिक अवकाश को होने वाली छुट्टियां लेने का विकल्प है।

10. बैंकों के संबंध में, आर्थिक कार्य विभाग (बैंकिंग प्रभाग) द्वारा जारी अनुदेशों के अनुसार एक वर्ष में 15 छुट्टियाँ ही की जा सकती है।

अनुलग्नक :- छुट्टियों की सूची।

(महेन्द्र कुमार)
निदेशक (जे.सी.ए.)

सेवा में,

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग।
2. संघ लोक सेवा आयोग/केन्द्रीय सतर्कता आयोग/नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षाक/प्रधान मंत्री कार्यालय/लोक सभा सचिवालय/राज्य सभा सचिवालय/राष्ट्रपति सचिवालय/उप राष्ट्रपति सचिवालय/उच्चतम न्यायालय/उच्च न्यायालय/केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण/भारत का निर्वाचन आयोग/अल्पसंख्यक आयोग/राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग।
3. कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय/गृह मंत्रालय के सभी संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालय।
4. सचिव, कर्मचारी पक्ष, राष्ट्रीय परिषद् (जे.सी.एम.) 13 सी, फिरोजशाह रोड, नई दिल्ली।
5. राष्ट्रीय परिषद (संयुक्त परामर्शदायी तंत्र) कर्मचारी पक्ष के सभी सदस्य।
6. कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय की विभागीय परिषद् (संयुक्त परामर्शदायी तंत्र) के कर्मचारी पक्ष के सभी सदस्य।
7. केन्द्रीय सरकार कर्मचारी कल्याण समन्वय समितियों के अध्यक्ष/सचिव । (कल्याण अनुभाग से प्राप्त अद्यतन सूची के अनुसार)
8. आयुक्त, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति।
9. मंत्रिमंडल सचिव के निजी सहायक।
10. उप सचिव (समन्वय), दिल्ली सरकार सचिवालय, आई.जी.स्टेडियम, आई.टी.ओ., नई दिल्ली।
11. प्रबंधक (भण्डारण) भारत सरकार, फार्मस स्टोर, 166, लेनिन सराय, कोलकाता (10 अतिरिक्त प्रतियों सहित)।
12. सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिव।
13. विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय, पी.टी.आई. बिल्डिंग, नई दिल्ली। (5 अतिरिक्त प्रतियों सहित)
14. उप-निदेशक (इश्तहार), मुद्रण निदेशालय, बी-विंग, निर्माण भवन, नई दिल्ली । (5 अतिरिक्त प्रतियों सहित)
15. पोजिशनल एस्ट्रोनोमी सेन्टर, न्यू अलीपुर, कोलकाता-53 (2 अतिरिक्त प्रतियां सहित)
16. सूचना एवं सुविधा केन्द्र, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (20 प्रतियाँ)।
17. राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग) को इस अनुरोध सहित कि इस कार्यालय ज्ञापन को कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग की वेबसाईट (www.persmin.nic.in)
18. 100 अतिरिक्त प्रतियाँ।

## वर्ष 2008 के दौरान भारत सरकार के दिल्ली/नई दिल्ली में स्थित कार्यालयों में रखी जाने वाली छुट्टियों की सूची

| क्र.सं. | राजपत्रित छुट्टी | तारीख | शक संवत् 1929 | सप्ताह का दिन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मुहर्रम | 19 जनवरी | पौष 29 | शनिवार |
| 2 | गणतंत्र दिवस | 26 जनवरी | माघ 06 | शनिवार |
| 3 | महशिवरात्रि | 06 मार्च | फाल्गुन 16 | बृहस्पतिवार |
| | | शक संवत 1930 | | |
| 4 | मिलाद-उन-नबी अथवा ईद-ई-मिलाद (पैगम्बर मोहम्मद का जन्म दिवस) | 21 मार्च | चैत्र 01 | शुक्रवार |
| 5 | गुड फ्राइडे | 21 मार्च | चैत्र 01 | शुक्रवार |
| 6 | होली | 22 मार्च | चैत्र 02 | शनिवार |
| 7 | राम नवमी (वैष्णव) | 14 अप्रैल | चैत्र 25 | सोमवार |
| 8 | महावीर जयंती | 18 अप्रैल | चैत्र 29 | शुक्रवार |
| 9 | बुद्ध पुर्णिमा | 20 मई | बैशाख 30 | मंगलवार |
| 10 | स्वतंत्रता दिवस | 15 अगस्त | श्रावण 24 | शुक्रवार |
| 11 | महात्मा गांधी का जन्म दिवस | 02 अक्तूबर | अश्विन 10 | बृहस्पतिवार |
| 12 | ईद-उल-फितर | 02 अक्तूबर | अश्विन 10 | बृहस्पतिवार |
| 13 | दशहरा (विजय दशमी) | 09 अक्तूबर | अश्विन 17 | बृहस्पतिवार |
| 14 | दीवाली (दीपावली) | 28 अक्तूबर | कार्तिक 06 | मंगलवार |
| 15 | गुरु नानक का जन्म दिवस | 13 नवम्बर | कार्तिक 22 | बृहस्पतिवार |
| 16 | ईद-उल-जुहा (बकरीद) | 09 दिसम्बर | अग्रहायण 18 | मंगलवार |
| 17 | क्रिसमस दिवस | 25 दिसम्बर | पौष 04 | बृहस्पतिवार |

## वर्ष, 2008 की वैकल्पिक छुट्टियों की सूची
## (दिल्ली/नई दिल्ली कार्यालयों के लिए)

| क्र.सं. (1) | छुट्टी का नाम (2) | तारीख (3) | शक संवत् 1929 (4) | सप्ताह का दिन (5) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नव वर्ष दिवस | जनवरी 01 | पौष 11 | मंगलवार |
| 2 | गुरु गोविन्द सिंह का जन्म दिवस | जनवरी 05 | पौष 15 | शनिवार |
| 3 | मकर संक्रान्ति (उत्तर भारत) | जनवरी 14 | पौष 24 | सोमवार |
| 4 | मकर संक्रान्ति (बंगाल) | जनवरी 15 | पौष 25 | मंगलवार |
| 5 | पोंगल | फरवरी 15 | पौष 25 | मंगलवार |
| 6 | बसंत पंचमी/श्री पंचमी | फरवरी 11 | माघ 22 | सोमवार |
| 7 | शिवाजी जयंती | फरवरी 19 | माघ 30 | मंगलवार |
| 8 | गुरु रविदास जन्म दिवस | फरवरी 21 | फाल्गुन 02 | बृहस्पतिवार |
| 9 | स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती | मार्च 02 | फाल्गुन 12 | रविवार |
| | | शक संवत् 1930 | | |
| 10 | होलिका दहन (ढोल यात्रा) | मार्च 21 | चैत्र 01 | शुक्रवार |
| 11 | ईस्टर (रविवार) | मार्च 23 | चैत्र 03 | रविवार |
| 12 | चैत्र शुक्लादि/गुडी पड़वा/उगाड़ी/चेती चाँद | अप्रैल 07 | चैत्र 18 | सोमवार |
| 13 | वैशाखी | अप्रैल 13 | चैत्र 24 | रविवार |
| 14 | विशु | अप्रैल 13 | चैत्र 24 | रविवार |
| 15 | मेशादी | अप्रैल 14 | चैत्र 25 | सोमवार |
| 16 | वैशाखादि (बंगाल)/बिहाग बिहु (असम) | अप्रैल 14 | चैत्र 25 | सोमवार |
| 17 | रविन्द्र नाथ जयंती | मई 08 | वैशाख 18 | बृहस्पतिवार |
| 18 | रथ यात्रा | जुलाई 04 | आषाढ़ 13 | शुक्रवार |
| 19 | हजरती अली का जन्म दिवस | जुलाई 17 | आषाढ़ 26 | बृहस्पतिवार |
| 20 | रक्षा बंधन | अगस्त 16 | श्रावण 25 | शनिवार |
| 21 | पारसी नव वर्ष | अगस्त 19 | श्रावण 28 | मंगलवार |
| 22 | जन्माष्टमी (स्मार्त और वैष्णव) | अगस्त 24 | भाद्र 02 | रविवार |
| 23 | गणेश चतुर्थी/विनायक चतुर्थी | सितम्बर 03 | भाद्र 12 | बुधवार |
| 24 | ओणम | सितम्बर 12 | भाद्र 21 | शुक्रवार |
| 25 | जमात-उल-विदा | सितम्बर 26 | अश्विन 04 | शुक्रवार |
| 26 | दशहरा (महा सप्तमी) (अतिरिक्त) | अक्तूबर 06 | अश्विन 14 | सोमवार |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 27 | दशहरा (महा अष्टमी) (अतिरिक्त) | अक्तूबर 07 | अश्विन 15 | मंगलवार |
| 28 | दशहरा (महा नवमी) | अक्तूबर 08 | अश्विन 16 | बुधवार |
| 29 | महर्षि बाल्मीकि जयंती | अक्तूबर 14 | अश्विन 22 | मंगलवार |
| 30 | दीपावली (दक्षिण भारत) | अक्तूबर 27 | कार्तिक 05 | सोमवार |
| 31 | नरक चतुर्दशी | अक्तूबर 27 | कार्तिक 05 | सोमवार |
| 32 | गोवर्धन पूजा | अक्तूबर 29 | कार्तिक 07 | बुधवार |
| 33 | भाई-दूज | अक्तूबर 30 | कार्तिक 08 | बृहस्पतिवार |
| 34 | गुरु तेग बहादुर का शहीदी दिवस | नवम्बर 24 | अग्रहायण 03 | सोमवार |
| 35 | क्रिसमस की पूर्व संध्या | दिसम्बर 24 | पौष 03 | बुधवार |

*****